व्यक्तियों के पुनर्वास कार्य में विलंब, उपकरणों की आपूर्ति में विलंब, भू-खनन परिस्थितियों, आदि कठिनाई ।

विदेशी फर्मों को दिए गए ठेके

1651. **श्री राम सिंह राठवा :** क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले दो वर्षों के दौरान देश में कोयला क्षेत्र में विदेशी फर्मों को कितने ठेके दिए गए ;

(ख) कितने ठेके पूरे किए जा चुके हैं और कितने चालू हैं ;

(ग) क्या सरकार ने इनके कार्यों की समीक्षा की है और उन्हें संतोषजनक पाया है ;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) सरकार विदेशी फर्मों के बजाए भारतीय फर्मों को ये ठेके दिए जाने के लिए क्या प्रयास कर रही है ?

कोयला मंत्रालय में उप मंत्री (श्री एस०बी० नयमेगौड़ा) : (क) गत दो वर्षों के दौरान कोयला क्षेत्र में विदेशी फर्मों को 23 ठेके दिए गए ।

(ख) उपर्युक्त 23 ठेकों में से 8 ठेके निष्पादित कर दिए गए हैं तथा शेष 15 के ठेके चल रहे हैं ।

(ग) और (घ) इन ठेकों के कार्य की प्रगति की गहन समीक्षा समय-समय पर कोयला कंपनी और सरकार के स्तर पर की जाती है । इन ठेकों की कार्य की प्रगति सामान्यतः संतोषजनक पाई गई है ।

(ङ) नई प्रौद्योगिकी को शुरू किए जाने तथा उत्पादन, उत्पादकता, सुरक्षा में सुधार करने तथा कोयला को उच्चतर दर पर अधिप्राप्ति करने के लिए ऐसी विशेषज्ञता वाले अन्य देशों से चुनिंदा द्विपक्षीय सहयोग प्राप्त किया जाता है जब सरकार इस बात से संतुष्ट हो जाती है कि आयात के लिए प्रस्तावित प्रौद्योगिकी और उपकरण देश में उपलब्ध नहीं हैं तथा यह कि सहयोगी देश द्वारा वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही हो ।

कोयला "वाशरियों" में सुधार

1652. **श्री राम जेठमलानी :**
डा० जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में अच्छी किस्म का कोयला उपलब्ध न होने के कारण कई संस्थानों से कोयले का आयात करना पड़ता है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि अच्छी किस्म का कोयला देश में उत्पादित नहीं किया जा सकता है ;

(ग) यदि नहीं, तो विगत वर्षों से कोयले की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए कोयला वाशरियों में क्या-क्या सुधार किए गए हैं ;

(घ) इन कोयला "वाशरियों" में सुधार और विकास के लिए चालू वर्ष के दौरान क्या कदम उठाए जा रहे हैं ; और

(ङ) मार्च, 1991 के दौरान देश में कोयला "वाशरियों" में अधिकतम और न्यूनतम कितने प्रतिशत राख सहित कोयला उत्पादन करने की क्षमता थी ?

कोयला मंत्रालय में उप मंत्री (श्री एस०बी० नयमेगौड़ा) : (क) जी, हां । इस्पात मंत्रालय के अनुसार इस्पात संयंत्रों द्वारा कोयले का आयात केवल गुणवत्ता के आधार पर ही किया जाता है ।

(ख) अच्छे गुणवत्ता वाले उच्च ग्रेड के कोयले के भंडार देश में कोयले के कुल भंडार देश में कोयला के कुल भंडारों के के लगभग 12.5 प्रतिशत होने का अनुमान है । अधिकांशः अच्छे गुणवत्ता